खुद को नेता के रूप में नहीं देखता सत्य का साधक हूं : राहुल गांधी

अमेरिकी शुल्क से जुड़े विषय पर पीएम मोदी झुक गए

नई दिल्ली। एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सच्चाई के लिए खड़े होना गांधी-नेहरू की परंपरा रही है तथा वह खुद को नेता के रूप में नहीं देखते बल्कि सत्य का साधक (सीकर ऑफ ट्रुथ) मानते हैं। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा, 'आज के भारत में, जहां सत्य असुविधाजनक है - मैंने सत्य को अपनी पसंद बना लिया है। मैं इसके लिए खड़ा रहूंगा, चाहे इसकी कोई भी कीमत हो।'

उन्होंने पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के साथ एक पॉडकास्ट में नेहरू की राजनीति, आदर्श, विचार और योगदान के बारे बात की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस संवाद के दौरान अमेरिकी शुल्क से जुड़े विषय का भी उल्लेख किया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झुक गए, जबकि नेहरू और इंदिरा ऐसी परिस्थिति में कभी नहीं झुकते। उन्होंने अपने परिवार के राजनीतिक दर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीति वास्तव में सत्य के लिए होती है।

अप्रैल के आखिर तक भाजपा के नए अध्यक्ष का ऐलान संभव

संगठन चुनाव पर मुख्यमंत्रियों का मन टटोल रही भाजपा

नवभारत नेशनल ब्यूरो। नई दिल्ली।

भाजपा प्रदेश संगठन चुनावों के साथ-साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव इस महीने के अंत तक पूरा कर लेना चाहती है। जिसको लेकर पार्टी आलाकमान अपने मुख्यमंत्रियों का मन टटोल रही है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का दिल्ली दौरा इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को दिल्ली स्थित संघ कार्यालय केशव कुंज गए थे। उसके बाद वह भाजपा मुख्यालय जाकर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष के साथ बैठक की। यह बैठक लगभग 50 मिनट तक चली। कहा जा रहा है कि असम के सीएम ने भी अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करने के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी बैठक की। भाजपा सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों को दिल्ली तलब कर उनसे संगठन चुनाव व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम को लेकर मन टटोला जाएगा। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्रियों व संगठन के अन्य वरिष्ठ नेताओं से संवाद का काम खुद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष संभाल रहे हैं। वह देशभर के वरिष्ठ नेताओं से लगातार संवाद कर रहे हैं। देखा जाए तो भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर पार्टी में बैठकों का दौर जारी है। मामले को अंतिम रूप देने के लिए खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कमान संभाल ली है।

बिहार चुनाव के पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी फेरबदल संभव

सूत्रों का कहना है कि अभी संगठन में काम करने वाले कुछ लोगों को कैबिनेट में भी एंट्री दी जा सकती है। दरअसल एनडीए सरकार में सहयोगी दलों की डिमांड है कि कैबिनेट का विस्तार किया जाए और उनके नेताओं को एंट्री मिले। इस बीच बिहार में चुनाव है और उससे पहले उपेंद्र कुशवाहा को मंत्री पद दिया जा सकता है। वहीं एकनाथ शिंदे की पार्टी को भी मौका मिल सकता है, जो डिप्टी सीएम तो हैं, लेकिन बीच-बीच में उनकी नाराजगी की खबरें आती रहती हैं। चर्चाएं यह भी हैं कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने के मौके पर भी कैबिनेट विस्तार हो सकता है।

मोदी सरकार के तीन मंत्री भी भाजपा अध्यक्ष की रेस में

भाजपा के नए अध्यक्ष का ऐलान कभी भी हो सकता है। चर्चा है कि अप्रैल के आखिर तक भाजपा की ओर से जेपी नड्डा के विकल्प के तौर पर किसी नए नेता के नाम का ऐलान हो सकता है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का नाम भी अध्यक्ष की रेस में है। इसके अलावा मोदी सरकार में ही मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव के नामों की भी चर्चा जोरों पर है। कहा जा रहा है कि इन तीन नेताओं में से किसी एक को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

न्यूज डायरी

परिवारवादियों को 'सबका विकास' स्वीकार्य नहीं : योगी

गोरखपुर। ए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों के नेताओं का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों के मन में तानाशाही और अधिनायकवाद भाव है, वे विकास होते नहीं देखना चाहते। ऐसे लोग अपना और अपने परिवार का विकास चाहते हैं और इन लोगों को 'सबका साथ-सबका विकास' स्वीकार्य नहीं है। आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसी विचारधारा के लोगों ने 1975 में आपातकाल लागू कर मीडिया पर सेंसर लगाया था और आज भी समय-समय पर मीडिया के विरोध के फतवे जारी करते रहते हैं।

सरकार मराठवाड़ा को सूखा मुक्त करने को प्रतिबद्ध : फडणवीस

बीड। ए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार मराठवाड़ा को सूखा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में प्रयास कर रही है। फडणवीस ने क्षेत्र में जल संकट को दूर करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताया कि समुद्र में बहने वाले कम से कम 53 टीएमसी (एक हजार मिलियन घन फीट) पानी को गोदावरी नदी बेसिन में लाया जाएगा तथा कृष्णा और कोयना नदियों के अतिरिक्त पानी को मोड़ा जाएगा।

हैदराबाद में एमएलसी चुनाव से दूर रहेगी बीआरएस: रामा राव

हैदराबाद।ए। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव ने शनिवार को कहा कि पार्टी ने हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र से 23 अप्रैल को होने वाले विधानपरिषद सदस्य चुनाव (एमएलसी) से दूर रहने का फैसला किया है क्योंकि उसके (बीआरएस) पास जीतने के लिए आवश्यक संख्या नहीं है।

नीतीश ने बिहार में भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया: राजद

पटना।ए। बिहार में विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राज्य में भ्रष्टाचार को 'संस्थागत' बना देने और साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव प्रचार अभियान के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राजद ने यह भी आरोप लगाया कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार राज्य में 'वित्तीय अराजकता' के लिए जिम्मेदार है।

बर्बरता की कहानी कह रहा मुर्शिदाबाद मंजर भयावह, केंद्र को भेजूंगा रिपोर्ट : बोस

हिंसा में मारे गए पिता-पुत्र के परिवार से मिले राज्यपाल, न्याय का दिया भरोसा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मालदा में राहत शिविरों का दौरा करने के अगले दिन शनिवार को राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने वक्फ कानून को लेकर मुर्शिदाबाद हिंसा में मारे गए पिता-पुत्र के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए राज्यपाल बोस ने कहा कि इस परिवार को न्याय मिलेगा। मुर्शिदाबाद में जिस तरह की हिंसा हुई वह बर्बर है, ऐसा दोबारा नहीं होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मैं हिंसा की रिपोर्ट केंद्र को भेजूंगा। मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में 8 से 12 अप्रैल के बीच वक्फ को लेकर हुई हिंसा में तीन लोग मारे गए थे। हिंसा में अब तक 274 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज इलाके में वक्फ के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हरगोविंदो दास और उनके बेटे चंदन दास की उनके घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी। दोनों के शरीर पर चाकू से कई बार वार किए गए थे।

राज्यपाल बोस के पहुंचने पर हरगोबिंद के परिवार के सदस्य उनके पैरों में गिरकर न्याय की गुहार लगाते देखे गए। पीड़िता परिवार से मुलाकात के बाद राज्यपाल आनंद बोस ने कहा, मुर्शिदाबाद में जो हुआ, वह भयावह और बर्बर है। उन्होंने पीड़ित परिवार को तीन-चार सुझाव हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार ने इलाके में बीएसएफ की पोस्टिंग के लिए कहा है। मैं इस मामले को उचित अधिकारियों के समक्ष उठाऊंगा। मैंने पीड़ित परिवार के साथ राजभवन का हेल्पलाइन नंबर भी साझा किया है।

मुर्शिदाबाद में हालात देखने पहुंचे राज्यपाल बोस को हिंसा की जानकारी देते पीड़ित परिवार। एजेंसी

ग्रामीणों की मांग पर वापस लौटे राज्यपाल

पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद राज्यपाल बोस ने मुर्शिदाबाद के दुल्हन बाजार, सूती और जंगीपुर जैसे इलाकों का भी दौरा किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। इस बीच, ग्रामीणों ने जाफराबाद के बेतबोना में राज्यपाल का काफिला गुजरने के बाद सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीण चाहते थे कि राज्यपाल वापस आएं और उनकी बात सुनें। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल बोस बाद में बेतबोना वापस आए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की और उन्हें शांत किया।

पीड़ितों ने जो सहा वह कल्पना से परे : महिला आयोग

पीड़ितों से मिलती महिला आयोग की टीम

कोलकाता। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को भयानक और अस्वीकार्य बताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार से इस घटना की जिम्मेदारी लेने की मांग की। महिला आयोग की टीम ने बंगाल में हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और मालदा व मुर्शिदाबाद पीड़ित लोगों से मुलाकात की। महिला आयोग की अध्यक्ष रहाटकर ने कहा, हिंसा के दौरान लोगों को जो कुछ सहना पड़ा, वह कल्पना से परे है। इन लोगों को जो पीड़ा हो रही है वह अमानवीय है।

गृह मंत्रालय को सौंपी जाएगी हिंसा की रिपोर्ट : रहाटकर ने कहा कि मामले की रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी जाएगी। रहाटकर महिला आयोग की ओर से गठित जांच समिति का हिस्सा हैं, जो मालदा और मुर्शिदाबाद सहित पश्चिम बंगाल के प्रभावित क्षेत्रों के तीन दिवसीय दौरे पर है।

20 साल बाद फिर एकसाथ आ सकते हैं राज और उद्धव ठाकरे

मिले संकेत : राज ठाकरे ने कहा-मतभेद छोटी, महाराष्ट्र बड़ी बात, उद्धव बोले-मेरी तरफ से कोई झगड़ा नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे करीब 20 साल बाद एक बार फिर साथ आ सकते हैं। भाषा विवाद के बीच बयानों में उन्होंने ऐसा संकेत दिया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को कहा कि हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं।

महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है। राज ठाकरे ने एक यू-ट्यूब चैनल पर यह बातें कहीं। गठबंधन के सवाल पर राज ठाकरे ने कहा कि किसी बड़े मकसद के आगे हमारे बीच की लड़ाइयां छोटी हैं। इस बयान पर उद्धव ने भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मेरी तरफ से कभी कोई झगड़ा नहीं था।

दोनों नेताओं के बयानों के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में दोनों साथ आ सकते हैं। राज ने शिवसेना में उद्धव को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद 27 नवंबर 2005 को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अपनी पार्टी 'महाराष्ट्र नव निर्माण सेना' बनाई थी। तब दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं रहे।

उद्धव के साथ काम करने में आपत्ति नहीं थी : राज ठाकरे ने कहा, जब मैं शिवसेना में था तो मुझे उद्धव के साथ काम करने में कोई आपत्ति नहीं थी। सवाल यह है कि क्या दूसरा व्यक्ति चाहता है कि मैं उसके साथ काम करूं? मैं कभी भी अपने अहंकार को ऐसी छोटी-छोटी बातों में नहीं लाता।

यह निजी स्वार्थ का मामला नहीं

राज ठाकरे ने कहा, मुझे नहीं लगता कि एक साथ आना और एक साथ रहना कोई बहुत कठिन बात है। सवाल केवल इच्छाशक्ति का है। यह मेरी निजी इच्छा या स्वार्थ का मामला नहीं है। मेरा मानना है कि हमें महाराष्ट्र की बड़ी तस्वीर देखनी चाहिए। मेरा मानना है कि महाराष्ट्र के सभी राजनीतिक दलों के मराठी लोगों को एक साथ आकर एक पार्टी बनानी चाहिए।

ठाकरे बंधु एक साथ आए तो आनंद की बात : फडणवीस

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठाकरे बंधुओं के एक साथ आने के सवाल पर कहा कि यदि ऐसा होता है तो आनंद की बात है। कोई भी हो, अगर बिछड़े हुए साथ आते हैं और विवाद खत्म होता है तो अच्छी बात है। वहीं, उद्धव की शर्त पर फडणवीस ने कहा, इस पर उनसे ही सवाल पूछा जाना चाहिए। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि इसे मीडिया अधिक तूल दे रहा है। वहीं, बीएमसी चुनाव में दोनों के एक साथ आने से भाजपा को नुकसान होने के सवाल पर फडणवीस ने कहा कि चाहे बीएमसी के चुनाव हों या अन्य चुनाव भाजपा के नेतृत्व में महायुति की ही जीत होगी।

हिमंत ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

गुवाहाटी। ए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें डॉ. भूपेन हजारिका के सितंबर में शुरू होने वाले जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी आठ सितंबर 2025 को इन कार्यक्रमों में शरीक होने के लिए सहमत हो गए हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति के स्वागत को जयपुर तैयार

जयपुर। एजेंसी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस 21 अप्रैल को भारत यात्रा पर आ रहे हैं। उनके स्वागत के लिए जयपुर में जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। वे चार दिन की भारत यात्रा पर रहेंगे, जिस दौरान पिंक सिटी का भी भ्रमण करेंगे। पिछले 13 वर्षों में यह पहली बार है जब कोई अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत का दौरा कर रहा है। इससे पहले 2013 में जो बाइडेन भारत आए थे। उपराष्ट्रपति वेंस फिलहाल इटली में अपने परिवार के साथ हैं और सोमवार (21 अप्रैल) को भारत पहुंचेंगे। वह सबसे पहले दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद उसी शाम जयपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। जयपुर एयरपोर्ट पर उनका रेड कार्पेट वेलकम किया जाएगा। वेंस 21 से 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। 22 अप्रैल की सुबह वह ऐतिहासिक आमेर किले का दौरा करेंगे, जहां उनका पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया जाएगा।

नवभारत APPOINTMENT

- प्रतिस्पर्धी वेतन.
- आधुनिक, सुव्यवस्थित बेड़ा.
- स्वास्थ्य बीमा.
- सहायक टीम और उत्कृष्ट कार्य सहायक.

आवश्यकताएं:
- वैध वाणिज्यिक चालक लाइसेंस (सीडीएल).
- ट्रेलरों के साथ सिद्ध अनुभव.

गढ़चिरोली, महाराष्ट्र
8551934379 (चंद्रपुर ऑफिस), 8767033840, 9529582057

पार्टी में कलह, एमडीएमके नेता वाइको ने पार्टी पद छोड़ा

चेन्नई। ए। मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) नेता एवं इसके संस्थापक वाइको के बेटे दुरई वाइको ने शनिवार को पार्टी के प्रमुख सचिव पद से इस्तीफा दे दिया। माना जा रहा है कि पार्टी में आंतरिक कलह की वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है।

राज्य के तिरुचिरापल्ली से लोकसभा सदस्य दुरई वाइको ने 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा की और अपने इस्तीफे के लिए एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया। एमडीएमके के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी रविवार को अपनी प्रशासनिक परिषद की बैठक में दुरई के इस्तीफे पर फैसला करेगी। दुरई ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब कुछ दिन पहले ही वाइको ने पार्टी की जिला इकाइयों को 20 अप्रैल की बैठक से पहले कोई भी प्रस्ताव पारित न करने के लिए आगाह किया है। दुरई ने कहा कि जब से वह मुख्यालय सचिव चुने गए, तब से एक व्यक्ति जो इसे बर्दाश्त नहीं कर पाया, वह पिछले चार वर्षों से पार्टी और इसके नेतृत्व के खिलाफ आरोप लगा रहा है।

दुरई ने बगैर किसी का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि वह लगातार मीडिया को ऐसी जानकारी दे रहा है, जिससे वाइको की 'बदनामी' हो रही है। दुरई ने आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति ने इस तरह की हरकत करके पार्टी को बर्बाद कर दिया है।

चिराग पासवान के बयान से मचा सियासी घमासान

पटना। ए। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की हालिया टिप्पणी कि 'बिहार उन्हें बुला रहा है' ने इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के राजनीतिक माहौल में एक नई बहस छेड़ दी है। खबरों के अनुसार हाल में मीडियाकर्मियों से बातचीत में चिराग पासवान ने कहा कि उनके दिवंगत पिता रामविलास पासवान के विपरीत उनकी 'राज्य की राजनीति में रुचि' है। चिराग पासवान ने कहा कि उनके पिता केंद्र पर अधिक ध्यान केंद्रित करते थे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान की यह रहस्यमय टिप्पणी बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले आयी है।

मप्र के सागर में 'लापता' लड़की को लेकर तनाव, तोड़फोड़

सानोधा कस्बे का मामला, दूसरे धर्म के व्यक्ति पर अपहरण का आरोप

सागर (मध्यप्रदेश)।ए। मध्यप्रदेश के सागर जिले के सानोधा कस्बे में शनिवार को यह अफवाह फैलने के बाद गुस्साई भीड़ ने कुछ दुकानों में तोड़फोड़ की कि एक लड़की को दूसरे धर्म के युवक ने अगवा कर लिया है। भाजपा विधायक प्रदीप लारिया ने दावा किया कि लड़की को अगवा करने वाले युवक का आपराधिक इतिहास है। बताया जा रहा है कि लड़की की शनिवार को शादी होने वाली थी।

जिला कलेक्टर संदीप जीआर ने संवाददाताओं को बताया कि कुछ लोगों के इकट्ठा होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा, कानून-व्यवस्था हमारी मुख्य चिंता है। हमने टीमें तैनात की हैं। स्थिति अब नियंत्रण में है। नारयावली विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रदीप लारिया ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है। उन्होंने दावा किया, एक आपराधिक पृष्ठभूमि वाले मुस्लिम व्यक्ति ने एक बेटी का अपहरण किया है। इस घटना से ग्रामीण आक्रोशित हैं। यह इस तरह की पांचवीं घटना है।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI★
रायपुर शाखा: समवेत शिखर बिल्डिंग, इकलाख परिसर के सामने, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) 492001, फोन 0771-2222015-18, ईमेल-raipur.raipur@bankofindia.co.in

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

सरफेसी हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के (नियम 8 (1)) के तहत

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत, रायपुर शाखा अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

तथापि कर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान मुर्शिदा परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर शाखा के मूल प्रभार व अन्य ऋण के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

ऋणकर्ता / जमानतदार	संपत्ति का विवरण	मांग पत्र दिनांक	देय राशि
ऋणी:-श्री अंकित भोसले पिता श्री मुकुंद राव भोसले, श्रीमती नीरजा भोसले पति श्री मुकुंद राव भोसले एवं श्रीमती पूजा बाबरे पति श्री अंकित भोसले, जमानतदार-श्री मुकुंद राव भोसले	सम्पत्ति बंधक की अचल संपत्ति प्रोपेरेटिक नविनिर्मित रिहायशी भवन स्थित भूखण्ड क्रमांक नं. 325/423, नया खसरा नं. 325/613, प.ह.नं. 105/61 वार्ड नं. 52, बहलेश्वर आजाद वार्ड, मौजा- मठपुरैना तहसील और जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित अनुमानित क्षेत्रफल-660 वर्ग फीट, (निर्मित क्षेत्र भूतल-320 वर्ग फीट स्वीकृत नक्शा अनुसार) श्रीमती नीरजा भोसले पति श्री मुकुंद राव भोसले के नाम पर है, चौहद्दी:-उत्तर-रोड, दक्षिण-रहवासी का घर, पूर्व-नवीन डबुल की संपत्ति, पश्चिम-रोड.	दिनांक 29.10.2024 कब्जा दिनांक 16.04.2025	₹ 25,03,267.70 (पच्चीस लाख तीन हजार दो सौ सड़सठ रुपये एवं सत्तर पैसे) + ब्याज + अन्य खर्च

दिनांक : 20.04.2025, स्थान : रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

इंडियन बैंक Indian Bank ALLAHABAD इलाहाबाद — धमतरी संत लहिरी शाखा धमतरी (छत्तीसगढ़)

डिमांड नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन, अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

स. क्र.	ऋणी व जमानतदार का नाम तथा पता	सम्पत्तियों का विवरण	सीमा / प्रकार / बकाया ऋण
1.	1. नीरज शर्मा पिता नरकिशोर शर्मा, महामंदिर चौक, मोहर स्टेण्ड वार्ड 13, धमतरी (छ.ग.) पिन कोड-493773, जमानतदार :- 2. बरखा शर्मा, महामंदिर चौक, मोहर स्टेण्ड वार्ड 13, धमतरी (छ.ग.) पिन कोड-493773,	उन सम्पत्तियों का विवरण जिसमें प्रतिभूति हित बनाया गया है, निम्नलिखित है - बंधक संपत्तियां :- मकान आईडी - 200062499075 श्री नीरज शर्मा के नाम पर खाता क्र. 563/33, प.ह.नं. 33, भूखण्ड क्र. बी-01, रा.नि.मं. - धमतरी, एक्सटेन्शन, (छ.ग.), कुल क्षेत्रफल 1750 वर्गफीट पर स्थित भूमि तथा भवन का समस्त भाग तथा अंश। चिन्हित के अनुसार चौहद्दी:- उत्तर में - भूखण्ड क्र. बी-02, दक्षिण में - 25 फीट कॉलोनी रोड, पूर्व में - भूखण्ड क्र. ए-14, पश्चिम में - पहुँच मार्ग।	सीमा - रू. 20,00,000/- प्रकार - गृह ऋण कुल देय रू. 20,79,537/- + दिनांक : 04.04.2025 से अन्य ब्याज एवं शुल्क। एन.पी.ए. की तिथि 05.02.2025

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर इंडियन बैंक, धमतरी संत लहिरी शाखा, से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित ऋणी/जमानतदार ने ऋण को ऊपर उल्लेखित सम्पत्ति के बंधक के माध्यम से रक्षित किया था। उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एन.पी.ए. के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस ऋणी व जमानतदारों को एन.पी.ए. की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अनिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। तिसके पश्चात यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि अनुबंधित ब्याज पर, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक सम्पत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी।

"हम सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधानों और उसके तहत् बनाए गए नियमों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं जो प्रतिभूतियों पर आपके मोचन के अधिकारों से संबंधित हैं"

कृपया ध्यान दें कि अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार ऊपर उल्लेखित रक्षित संपत्ति का विक्रय पट्टे के माध्यम से या बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना इस नोटिस की तारीख के बाद कोई हस्तांतरण नहीं किया जाएगा।

दिनांक : 05.04.2025, स्थान : रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन बैंक

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768020, जिला - संबलपुर, ओडिशा
फोन-(दूरभाष/फैक्स) : 0663-2543461 to 469
वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

सूचना

सीएसआर पहल के अंतर्गत एमसीएल के कमांड क्षेत्रों में 'प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र' खोलने में सहयोग प्रदान करने हेतु महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है, जिसका संचालन एमसीएल के परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) द्वारा किया जाएगा। यह सूचना इच्छुक पीएपी की पहचान के उद्देश्य से प्रकाशित की जा रही है। इस सूचना का प्रकाशन, न तो आवेदक को किसी प्रकार का अधिकार प्रदान करता है और न ही एमसीएल पर कोई लाभ देने की बाध्यता डालता है।

यह सूचना केवल 'रुचि की अभिव्यक्ति' के रूप में प्रकाशित की जा रही है। अतः जो पीएपी निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करते हैं और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के इच्छुक हैं, वे अपनी इच्छा संपर्क विवरण तथा पैन कार्ड और आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं।

पात्रता मानदंड: 1. आवेदक एमसीएल का गैर-कर्मचारी पीएपी होना चाहिए (पीएपी प्रमाणपत्र संलग्न करें)। 2. आवेदक किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से बैचलर ऑफ फार्मेसी या डिप्लोमा इन फार्मेसी प्राप्त व्यक्ति होना चाहिए। 3. नाम के साथ फार्मासिस्ट लाइसेंस प्राप्त करने का प्रमाण, राज्य परिषद के साथ पंजीकरण आदि (या इसे जन औषधि केंद्र की अंतिम स्वीकृति के समय प्रस्तुत किया जा सकता है)। 4. यदि आवेदक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत आता है, तो संबंधित प्राधिकारियों से एसी, एसटी और दिव्यांग-आधारित प्रमाणपत्र का प्रमाण प्रस्तुत किया जाना चाहिए। 5. आवेदक वर्तमान में बेरोजगार होना चाहिए और उसका नैतिक चरित्र अच्छा होना चाहिए

जन औषधि केंद्र खोलने का स्थान भरतपुर क्षेत्र, लक्ष्मीपुर क्षेत्र और बसुंधरा क्षेत्र है। केंद्र खोलने के लिए स्थान एमसीएल द्वारा संबंधित क्षेत्रों के अस्पतालों या डिस्पेंसरियों के आसपास उपलब्ध कराया जाएगा और पीएमबीजेके खोलने के लिए पीएमबीआई के साथ पंजीकरण का दायित्व आवेदक का होगा। एमसीएल के इच्छुक गैर-कर्मचारी पीएपी से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन सहायक दस्तावेजों के साथ सीलबंद लिफाफे में, जिस पर 'जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदन' लिखा हो, दिनांक 10 मई, 2025 तक या उससे पहले डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से सीएमएस एमसीएल के कार्यालय में प्रस्तुत करें। पता: चीफ ऑफ मेडिकल सर्विस, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, ओडिशा-768020। प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज: स्थ